MS – 066

II Semester B.Com. Examination, May 2011
(Semester Scheme)
(Fresher 2011 and Onwards)
HINDI LANGUAGE – II (Part – 1)
Kavya, Vanijya Patra, Aur Anuvad Shabdawali

Time : 3 Hours Max. Marks : 90

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या **वाक्य** में लिखिए। **(10×1=10)**

1) राम और वैदेही जिसको प्रिय नहीं है उसे किसके समान त्यागना चाहिए ?

2) गुलाब के मूल में अलि किस आशा से अटका रहता है ?

3) माखनलाल चतुर्वेदी जी के अनुसार किन के समागम से त्रिवेणी धार बनती है ?

4) द्रोणाचार्य की भावना-तरंगें किसकी धनुर्वेद कला-इन्दू को छुना चाहती हैं ?

5) महादेवी वर्मा जी किसका पथ आलोकित करते हेतु दीपक से जलने की प्रार्थना करती हैं ?

6) कवि सक्सेना के अनुसार लीक पर किनके चरण चलते हैं ?

7) 'गीत फरोश' कविता के रचयिता कौन हैं ?

8) 'समै समै सुन्दर सबै' यह किस कवि की उत्कि है ?

9) गगन में मेघ किसके समान थिरकते हैं ?

10) नदी के पुत्र कौन हैं ?

II. अ) किसी **एक** का भावार्थ लिखिए : **(1×8=8)**

1) केशव ! कहि न जाइ का कहिए।
देखत तव रचना विचित्र हरि ! समुझि मनहीं मन रहिए।।
सून्य भीति पर चित्र, रंग नहिं, तनु बिनु लिखा चितेरे।
धोए मिटै न मरै भीति, दुख पाइअ एहि तनु हेरे।।

2) संगति सुमति न पावहीं, परे कुमति कैं धंध।
राखौ मेली कपूर में, हींग न होइ सुगंध।।

P.T.O.

आ) किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **(2×8=16)**

1) जितना अभ्यास किया तुमने स्क्बल से,
कौन दुसरा करेगा इस पृथ्वी-तल में।
अंहकार-शून्य हुए तुम जिस भाँति हो,
वैसा होगा कौन, योग्य बनकर इतना ?

2) जलते नभ से देख असंख्यक
स्नेहहीन नित कितने दीपक,
जलमय सागर का उर जलना,
विद्युत् से घिरता है बादल।

3) नदी, तुम बहती चलो।
भूखण्ड से जो दाय हमको मिला है, मिलता रहा है,
माँजती, संस्कार देती चलो,
यदि ऐसा कभी हो
तुम्हारे आहलाद से या दूसरों के किसी स्वैराचार से अतिचार से

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **(1×16=16)**

1) गुरुदक्षिणा।

2) चेतना दीप।

IV. निम्नलिखित में से **दो** पत्रों को लिखिए : **(2×15=30)**

1) हिन्दवाणी इलेक्ट्रिकल्स, बेंगलूर से आपने जो माल मँगाया है, वह नमूने के अनुसार नहीं है। क्षति पूर्ति की माँग करते हुए एक शिकायती पत्र लिखिए।

2) अपनी व्यावसायिक संस्था के नाम एक चालू खाता खोलने हेतु, प्रबंधक, मैसूर बैंक. एवेन्यू रोड़, बेंगलूर के नाम एक पत्र लिखिए।

3) वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली के नाम ग्रंथ भारती बेंगलूर की ओर से क्षेत्रीय बिक्री की एजेन्सी माँगते हुए एक पत्र लिखिए।

V. निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए। (10×1=10)

1) Joint Account
2) Knowledge
3) Link Language
4) Life Insurance
5) Manager
6) Maximum
7) Loan
8) Notice
9) Proposal
10) Pay scale.